## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन आज से

**कटनी।** कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन में सी ई ओ जिला पंचायत के आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान एवं तीन दिवसीय अभिभावक छात्र पुस्तक मेला का आयोजन दिनांक 18 से 20 अप्रैल सायं 4 बजे से रात्री 9 बजे तक सुभाष चौक स्थित साधूराम विद्यालय परिसर,में आयोजित किया जाएगा।प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम दर पर छात्रों और अभिभावकों को कॉपी-किताबें, यूनिफार्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है।निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा उक्त स्वीप गतिविधि एवं पुस्तक मेला में समुचित व्यवस्थाओं एवं सफलता पूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराए जाने हेतु संपूर्ण व्यवस्थाओं का प्रभारी/सहयोगी पवन कुमार अहिरवार उपायुक्त, जागेश्वर पाठक राजस्व अधिकारी एवं निर्वाचन प्रभारी,आदेश जैन प्रभारी सहायक यंत्री को बनाया है। श्री शुक्ल द्वारा शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि सभी अधिक से अधिक संख्या मे उक्त मतदाता जागरूकता पुस्तक मेले में शामिल होकर मेले का लाभ लेते हुए मतदाता जागरूकता गतिविधियों में अपनी हिस्सेदारी लेते हुए अपने आसपास के नागरिको को भी मतदान हेतु जागरूक करने तथा आगामी दिनांक 19 एवं 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

### मतदान समाप्ति तक साउंड सिस्टम पर लगा प्रतिबंध

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के शांतिपूर्ण परिसंचालन और लोक परिशांति बनाये रखने के उददेश्य से मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण तथा ध्वनि प्रदूषण विनियमयन एवं नियंत्रण नियम के तहत प्रथम चरण के लिए शहडोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कटनी जिले के विधानसभा क्षेत्र बड़वारा मे मतदान के 48 घंटे पूर्व 17 अप्रैल को शाम 6 बजे के बाद तथा मतदान दिवस 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक के लिए लाऊड स्पीकर व साउण्ड सिस्टम का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। यह आदेश जिले के विधानसभा क्षेत्र बड़वारा की राजस्व सीमाओं के अंतर्गत प्रभावशील रहेगा।

### चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की मनाई जयंती



**कटनी।** मौर्य कुशवाहा समाज कल्याण समिति एन.के.जे के तत्वाधान में विश्व विजेता चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती मनाई गई। साथ ही नव चेतना वार्षिक पत्रिका के प्रथम संस्करण का विमोचन भी किया गया। समारोह ओबीसी कार्यालय प्रांगण एन.के.जे में बड़ी धूम धाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीकाराम कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि रामसरोवर कुशवाहा, निखलेश वर्मा, कार्यक्रम के अध्यक्ष दातादीन मौर्य, समिति अध्यक्ष ए.पी. मौर्य, सचिव सी.पी. मौर्य, कोषाध्यक्ष दिनेश मौर्य, महिला विंग की अध्यक्षा माया मौर्य, सुषमा मौर्य और ज्ञांति मौर्य रही। कार्यक्रम को भव्य रूप से संपन्न कराने में सम्राट संतोष मौर्य जी,बी.बी. कुशवाहा, राजीव सिंह, मनोज निराला, योगेंद्र मौर्य, विजय सिंह मौर्य, दीपक पंत व अनेक जनसेवी/समाज सेवी द्वारा संबोधन एवम मार्गदर्शन किया गया ।

### सम्मान कार्यक्रम आज

**कटनी।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरूकता साप्ताहिक कैलेंडर तैयार किया गया है। जिसके अनुसार आज 18 अप्रैल को कटनी का नक्शा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम, सायं 5 बजे से साधुराम हाई स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा।

---

### कन्यापूजन के साथ भंडारे का हुआ आयोजन, जवारा विसर्जन के साथ हुआ चैत्र नवरात्र पर्व का समापन

# श्रद्धा का हवन, आस्था के जवारे, चहुंओर माता के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जगतजननी मां जगदंबे की भक्ति, आराधना का नौ दिनी पर्व चैत्र नवरात्र का बुधवार को जवारे विसर्जन के साथ ही समापन हो गया। महाअष्टमी एवं महानवमी पर हवन, पूजन, कन्या भोज, भंडारा प्रसाद का आयोजन हुआ। शहर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में मंदिरों, मढ़ियों व दिवालो में जवारे बोये गए थे। नौ दिनों तक धार्मिक स्थलों में भक्तों व श्रद्धालुओं द्वारा माता की भक्ति की गई। नगर में आस्था के केन्द्र जालपा मंदिर, उपनगरीय क्षेत्रो के अलावा जिले भर में स्थानीय परंपरा और मान्यता के अनुसार हुये विविध धार्मिक आयोजनों की देर रात्रि तक धूम रही। श्रद्धालु माता की भक्ति में लीन रहे। जवारों की लंबी कतारों के बीच मां काली नृत्य करते हुये जवारा जुलूस विसर्जन घाटो तक पहुंचा। श्रद्धालुओं ने जवारों में दुग्धाभिषेक किया। चैत्र नवरात्र की नवमी के मौके पर अलसुबह से ही माता के दरबार में भक्तों की लंबी कतार रही। देर शाम मातारानी के जयकारो के बीच जवारा विसर्जन जुलूस प्रारंभ हुआ। जुलूस में सिर पर जवारा कलश रखे बड़ी



संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

#### मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

नगर के आजाद चौक स्थित आदिशक्ति जगत जननी दुर्गा मंदिर , बाबली टोला स्थित मरही माता मंदिर , झंडा बाजार खेरमाई मंदिर , भूमि प्रकट मां शारदा मंदिर बरगवां , घंटाघर स्थित काली मंदिर , अशोक कालोनी स्थित मां शेरावाली मंदिर , तिलक कालेज रोड स्थित खेरमाई मंदिर , खिरहनी फाटक के पास स्थित भूमि प्रकट मां शारदा मंदिर , तिलक कॉलेज रोड स्थित बलखंडी माता की मढ़िया , खेरमाई माता मंदिर ओएफके , शहीद द्वार दुर्गा मंदिर , उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में भी चैत्र नवरात्र की नवमी पर मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की गई । भोर होते ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे । माता को जल ढारने के बाद पूजा अर्चना की गई । जालपा मढ़िया में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ देखी गई ।

#### छपरवाह में निकला जुलूस

उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह स्थित खेर माई मढिय़ा का जवारा विसर्जन जुलूस



बुधवार को राम नवमीं के पावन पर्व पर पूरी श्रद्धा, भक्ति व आस्था के साथ निकाला गया। जवारा विसर्जन जुलूस क्षेत्र स्थित खेरमाई मढिय़ा प्रांगण से रात 8 बजे प्रारंभ हुआ और ग्राम के प्रमुख मार्गो से होता हुआ देर रात सिमरौल नदी के किनारे स्थित हनुमान मंदिर व हनुमान घाट में आकर समाप्त हुआ। जहां जवारा विसर्जन के साथ ही नव दिवसीय नवरात्र पर्व का समापन हुआ। इसके पूर्व मंगलवार को चैत्र नवरात्र पर्व की अष्टमी को खेरमाई मढिय़ा प्रांगण में कन्या भोज का आयोजन खेर माई मढिय़ा समिति के द्वारा किया गया।

रामनवमीं के पावन पर्व पर 17 अप्रैल को जवारा विसर्जन जुलूस रात 8 बजे खेरमाई मढिय़ा से प्रारंभ हुआ और पूरे गांव का भ्रमण करता हुआ सिमरौल नदी के हनुमान घाट में पहुंचा। जहां भक्तिभाव के साथ जवारों का विर्सजन किया गया। जवारा विसर्जन जुलूस में काली मां की आगें-आगें खप्पर खेलते हुए चल रहे थे जबकि उसके ठीक पीछे श्रृद्धालुओं की मंडली देवी भगत गाते हुए जुलूस को आगें बढ़ा रही थी।

#### श्रीरा जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा का आयोजन बुधवार शाम किया गया। शोभायात्रा श्री हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में निकाली गई। इसमें सभी सामाजिक, धार्मिक, व्यवसायिक संगठन सम्मिलित रहे। शोभायात्रा में समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। कटनी रेलवे स्टेशन के मनकमेश्वर मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा दिलबहार चौराहा, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, खेरमाई मंदिर से होते सुक्खन चौक, गहोई धर्मशाला, लक्ष्मीनारायण मंदिर, शेर चौक, आजाद चौक होते हुए रात में गाटर घाट स्थित समीर राम मंदिर पहुंची।



शोभायात्रा का शहर के कई स्थानों में अलग-अलग समाज के लोगों ने स्वागत किया है। स्टेशन रोड, कमानिया गेट, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार, शेर चौक रोड सहित कई स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया जा रहा था। शोभायात्रा के समापन के बाद महाआरती के आयोजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

---

### पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक दी गई दायित्वों की जानकारी

## मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था, की जाने वाली कार्यवाही की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा बुधवार पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में सेक्टर पुलिस अधिकारियों को मतदान केन्द्र भ्रमण के दौरान की जाने वाली कार्यवाही एवं मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में उनकी भूमिका के बारे मे अवगत कराया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा की मतदान दिवस के पूर्व मतदान दल की खैरियत रिपोर्ट के साथ मतदान पेटी को सुरक्षित स्ट्रांग रुम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस मोबाइल की होगी।

पुलिस अधीक्षक के द्वारा समस्त



सेक्टर पुलिस अधिकारियों को यह बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल अपने जोनल अधिकारी को सूचित करें । पुलिस अधीक्षक के द्वारा भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों के साथ साथ आसमाजिक तत्वों पर भी नजर रखने के निर्देश दिए गए।

दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया द्वारा सेक्टर पुलिस अधिकारी के कर्तव्य, कानूनी प्रावधान, तकनीकी बिंदु, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ तालमेल और मतदान शुरू होने के 72 घंटे पहले से लेकर मतदान पेटी स्ट्रांग रूम में जमा होने तक की ड्यूटी के सम्बन्ध में विस्तार से बताया।

लोकसभा चुनाव 2024 निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से शहडोल संसदीय क्षेत्र क्रमांक 12 में 39 सेक्टर मोबाइल, 7 क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम), 06 जोनल सेक्टर मोबाइल तैनात की गई है।

प्रशिक्षण के दौरान एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर, रक्षित निरीक्षक श्रीमती संध्या राजपूत, थाना प्रभारी माधव नगर अनूप सिंह, थाना प्रभारी एनकेजे नीरज दुबे, थाना प्रभारी बड़वारा किशोर द्विवेदी थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखिलेश दहिया, उनि प्रियंका राजपूत एवं पुलिस सेक्टर मोबाइल के अधिकारीगण उपस्थित थे।

---

### रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक



जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत धरवारा में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया गया। धरवारा के शासकीय प्राथमिक स्कूल प्रांगण में रंगोली बनाकर मतदान अवश्य करने का संदेश दिया गया। इस मौके पर जनपद सीईओ यजुर्वेन्द्र कोरी ने उपस्थित लोगों को निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई।उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाएं। इस दौरान जन अभियान परिषद विकासखंड समन्यवक बबीता शाह,दीपक रहंगडाले, सचिव उमेश पांडेय, जीआरएस राजपाल महोबिया के अलावा महिला एवं बाल विकास, एनआरएलएम,शिक्षा, जन अभियान परिषद और सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं और परामर्शदाताओं के अलावा स्व सहायता समूह की महिलाएं व अन्य लोंगों की उपस्थिति रही।

---

## नो एंट्री में घुसे ट्रक को पकड़ा तो चालक ने विषाक्त पदार्थ का कर लिया सेवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर में नो एंट्री के दौरान प्रवेश करने पर यातायात पुलिस ने मंगलवार को एक ट्रक पकड़ा था। बुधवार की दोपहर को चालक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी हालत बिगड़ने पर आनन-फानन में यातायात पुलिस ने अपने ही वाहन से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अचानक चालक की तबियत बिगड़ने की बात कहती रही जबकि चालक ने होश में आने पर आरोप लगाया कि गाड़ी छोड़ने के एवज में उससे 20 हजार रुपए की मांग पुलिस कर रही थी। दूसरी ओर यातायात पुलिस ने चालक के लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। जानकारी के अनुसार बैंगलूर निवासी रमेश कुमार ट्रक में पानी सप्लाई के पाइप लेकर नीमच जा रहा था। मंगलवार दोपहर को कटनी से गुजरते समय वह ट्रक लेकर नो एंट्री में घुस गया। यातायात थाना के पास वाहनों की जांच के दौरान पुलिस ने उसका वाहन रोक लिया और नो एंट्री को लेकर कार्रवाई की।

बुधवार की दोपहर में अचानक चालक रमेश की तबीयत बिगड़ी और उसे यातायात पुलिस के जवान अपने वाहन से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां पर मिर्गी आने से स्वास्थ्य खराब होने की बात कही और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश में आने के बाद चालक ने आरोप लगाया कि वह पहली बार इस रूट में वाहन लेकर आया जिसके चलते वह नो एंट्री में वाहन लेकर घुस गया। जिसमें यातायात पुलिस ने उसे पकड़ लिया था और वाहन थाने में खड़ा करा लिया। चालक रमेश ने आरोप लगाया कि उससे गाड़ी छोड़ने के लिए थाना में पदस्थ एएसआई ने 20 हजार रूपए देने की बात कही। जिसको लेकर वह परेशान था और बुधवार को उसने परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडेय का कहना है कि मंगलवार को चालक का वाहन नो एंट्री में पकड़ा गया था और आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय प्रकरण बनाया गया है। उन्होंने बताया कि चालक को बताया गया था कि मामले में लगभग 20 हजार रुपए का जुर्माना होगा, जो उसको जमा करना पड़ेगा।

---

### तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने जारी किये निर्देश

## उपार्जन केन्द्र कांटी अमाडी में मिली खामियों पर सहायक आयुक्त सहित चार कर्मियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा तहसील के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख समिति अमाडी केन्द्र क्रमांक 1 मझगवां के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री अवि प्रसाद को उपार्जन केन्द्र मे मिली कमियों के लिए सहायक आयुक्त सहकारिता, खरीदी केन्द्र प्रभारी, हल्का पटवारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन सभी को तीन दिवस के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए गए है।

कलेक्टर द्वारा सहायक आयुक्त सहकारिता राज यशवर्धन कुरील को जारी नोटिस मे कहा गया है कि उपार्जन केंद्र पर भौतिक संसाधन छन्ना, पंखा, क्लीनिंग मशीन, ग्रेडिंग मशीन और तिरपाल आदि की व्यवस्था करानें तथा उपार्जन केन्द्रों पर संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन 12 अप्रैल को गेहूं उपार्जन केन्द्र प्राथमिक कृषि साख समिति अमाडी के निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र में पंखा, छन्ना, ग्रेडर आदि की व्यवस्था नहीं पाई गई। जबकि जिला उपार्जन समिति की बैठक मे श्री कुरील द्वारा उपार्जन केन्द्रों मे आवश्यक व्यवस्थाएं होने की जानकारी दी गई थी। इससे स्पष्ट होता है कि सहायक आयुक्त द्वारा जिला उपार्जन समिति के समक्ष मिथ्या जानकारी दी गई। जो अनुशासनहीनता का द्योतक है और सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत है। सहायक आयुक्त कुरील से तीन दिवस मे स्पष्टीकरण का जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए है। अन्यथा की स्थिति में यह माना जायेगा कि अधिरोपित आरोप के बारे में आपको कुछ नहीं कहना और एक पक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

प्राथमिक कृषि साख कांटी अमाडी केन्द्र क्रमांक 1 की खरीदी केन्द्र प्रभारी अनमोल दुबे, हल्का पटवारी एवं नोडल अधिकारी गेंहूँ उपार्जन केन्द्र कांटी अमाडी भूपेन्द्र सिंह और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं नोडल अधिकारी गेंहूँ उपार्जन केन्द्र नितिन गौड़ को कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस मे केन्द्र में भौतिक संसाधन की व्यवस्था नहीं पाये जाने और निरीक्षण के दौरान हल्का पटवारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री गौड की अनुपस्थिति का उल्लेख करते हुए कहा गया है। रबी विपणन मौसम 2024 - 25 मे समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन नीति की कंडिका का पालन आपके द्वारा नहीं किया गया है। और न ही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन किया गया है जो अनुशासन हीनता की श्रेणी मे आता है। इन तीनों से भी तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत किया गया है।

कलेक्टर ने बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह को निर्देशित किया है कि निरीक्षण के दौरान कांटी अमाडी उपार्जन केन्द्र में पंखा, छन्ना, ग्रेडर आदि की व्यवस्था निरीक्षण के दौरान नहीं पाई गई। नोडल अधिकारी भी अनुपस्थित पाए गए। उपार्जन केन्द्र सुव्यवस्थित ढंग से संचालित नही पाया गया। इससे स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण में रूचि नहीं ली जा रही है।

---

### 420 स्कूलों को जारी किया था नोटिस, 42 ने ही दर्ज की जानकारी

## सख्ती के बाद निजी स्कूलों ने पोर्टल में अपलोड की फीस की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के 420 निजी विद्यालयों द्वारा डीपीआई के पोर्टल मे स्कूल की सामान्य जानकारी सहित फीस का विवरण अपलोड नहीं करने पर जारी कारण बताओं नोटिस के बाद अब तक जिले के 42 निजी स्कूलों ने पोर्टल मे फीस संरचना का ब्यौरा अपलोड कर दिया है। कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित जिला समिति की बैठक मे पोर्टल मे वांछित जानकारी अपलोड नहीं करने वाले निजी स्कूलों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया गया था। साथ ही जानकारी अपलोड नहीं करने वाले निजी स्कूलों के विरूद्ध मप्र निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम का पालन नहीं करने पर वैधानिक कार्यवाही करने का निर्णय भी हुआ था।

नियमों के तहत विद्यालयों को पोर्टल पर स्कूल की सामान्य जानकारी अद्यतन और अपडेट करना जरूरी था। साथ ही सभी निजी विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र के लिए नियत की गई फीस संरचना कक्षावार एवं संवर्गवार की जानकारी भी पोर्टल पर अपलोड करनी थी। इसके अलावा विगत तीन वर्षो के संपरीक्षित ऑडिटेड लेखों , बैलैन्स शीट, प्राप्ति एवं भुगतान पत्रक, आय-व्यय शेड्यूल आदि का विवरण भी वेबसाइट व पोर्टल में प्रविष्ट और अपलोड करना था लेकिन नहीं किया गया।

#### 42 स्कूलों ने की फीस अपलोड

जिला समिति द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद से अब तक 42 निजी स्कूलों ने डी.पी.आई के पोर्टल पर स्कूल और फीस की जानकारी अपलोड कर दी है। शैक्षणिक सत्र 2023-2024 की जानकारी पोर्टल में अपलोड करनें वाले निजी स्कूलों मे हायर सेकेन्ड्री स्कूल एच.डी.मैमोरियल, पियूष हायर सेकेन्ड्री स्कूल, इकरा पब्लिक स्कूल, बीना मॉडल मिशनरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, क्रीसेंट पब्लिक स्कूल, शिकागो पब्लिक स्कूल, डायमंड हायर सेकेन्ड्री स्कूल माधवनगर, नालंदा हायर सेकेन्ड्री स्कूल, किड्स केयर हायर सेकेन्ड्री स्कूल, कृष्णा वैली पब्लिक स्कूल, सिद्धार्थ बाल निकेतन हायर सेकेन्ड्री स्कूल, विक्रम हायर सेकेन्ड्री स्कूल लखेरा, वंडर पब्लिक स्कूल, यू.एस. मैमोरियल स्कूल, सरस्वती ज्ञान मंदिर, एम.पी.मैमोरियल स्कूल, कैमोर मिडिल स्कूल, डी.ए.वी. ए.सी.सी पब्लिक स्कूल और जे.पी.वी डी.ए.वी स्कूल कटनी शामिल है।

इसी प्रकार शैक्षणिक सत्र शैक्षणिक सत्र 2022-2023 जिन निजी स्कूलों ने पोर्टल पर फीस का विवरण अपलोड कर दिया है उनमें हायर सेकेन्ड्री स्कूल एच.डी मैमोरियल, पियूष स्कूल ,इकरा पब्लिक स्कूल, बीना मार्डन मिशनरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, क्रीसेंट पब्लिक स्कूल, शिकागो पब्लिक स्कूल, डायमंड हायर सेकेन्ड्री स्कूल माधवनगर, नालंदा हायर सेकेन्ड्री स्कूल, किड्स केयर हायर सेकेन्ड्री स्कूल, कृष्णा वैली पब्लिक स्कूल, सिद्धार्थ बाल निकेतन, विक्रम हायर सेकेन्ड्री स्कूल लखेरा, वंडर पब्लिक स्कूल , यू.एस.मेमोरियल, सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल, एम.पी.मैमोरियल स्कूल, कैमोर मिडिल स्कूल, डी.ए.वी ए.सी.सी पब्लिक स्कूल और जे.पीवीडी ए वी हायर सेकेन्ड्री स्कूल कटनी द्वारा पोर्टल पर फीस अपलोड कर दी गई है।

जबकि शैक्षणिक सत्र 2024 -25 के लिए मात्र चार निजी स्कूलों ने फीस पोर्टल पर अपलोड की है इनमें राघव वैदेही, मोरल पब्लिक स्कूल कटनी, संत हल्केराम ज्ञान ज्योति स्कूल सिंहुडी, एस.के.क. मैमोरियल स्कूल कटनी एवं नेचर स्कूल कटनी ने फीस की जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है।

#### होगी वैधानिक कार्यवाही

कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला समिति ने पोर्टल मे फीस अपलोड करने के लिए निजी स्कूलों को एक सप्ताह का समय दिया था। लेकिन समय-सीमा मे जानकारी पोर्टल मे अपलोड नहीं करने वाले निजी स्कूलों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

---

## बसाड़ी के छात्र दीपक पटेल ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

प्रेरणा उत्सव अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जिले के समस्त शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें शासकीय उमावि बसाड़ी के होनहार छात्र दीपक पटेल ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का एवं गुरु जनों का मान बढ़ाया है।



जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में ,प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के संयोजन में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में बैच आठ से राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता हेतु विद्यालय के दीपक पटेल कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय के छात्र का चयन किया गया है उक्त चयन केंद्र सरकार द्वारा जारी चयन सूची जिसमें 1000 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है जिसमें कटनी जिला से दीपक पटेल का चयन किया गया है बसाड़ी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसाड़ी के छात्र दीपक पटेल के चयन होने व इनकी इस विशेष उपलब्धि के लिए जिला के शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसाड़ी के प्राचार्य जे.एल. बुनकर ,मार्गदर्शक शिक्षक डॉ विजय पटेल एवं समस्त स्टाफ सहित उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा के प्राचार्य एवं प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी जुगल किशोर चौरसिया ने भी छात्र दीपक पटेल को शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप

### गेहूं के अपग्रेडेशन हेतु देना होगा 20 रुपये प्रति क्विंटल लेबर चार्ज

**कटनी।** जिला उपार्जन समिति की विगत दिनों आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार उपार्जन संस्था, समिति के माध्यम से नॉन एफ.ए.क्यू गेहूँ के अपग्रेडेशन हेतु लेबर व्यय 20 रुपये प्रति क्विंटल किसानों से भुगतान किया जाना निर्धारित किया गया है। अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा जारी आदेश में उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को सहज गोचर स्थान पर फ्लेक्स बैनर लगाकर उक्त दर का प्रदर्शन करने के साथ ही उपार्जन केंद्र पर छन्ना, पंखा, क्लिजिंग एवं ग्रेडिंग मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। लेकिन यदि किसान द्वारा स्वयं नॉन एफ.ए.क्यू गेंहूँ अपग्रेड किया जाता है तो इसके लिए किसान से कोई राशि नहीं ली जायेगी।

### तालाब में मगर दिखाई देने से लोगों में दहशत



**कटनी।** उमरियापान के समीपस्थ ढीमरखेडा रोड पर नर्मदा नहर से कुछ ही दूरी पर स्थित जमुनहा तालाब में गत सुबह एक मगरमच्छ दिखाई दिया है। इससे तालाब में सिंघाडा की फसल लगाने वाले किसानों और आसपास के पान किसानों में दहशत का माहौल है। किसान ललित बर्मन ने बताया कि मंगलवार की सुबह जब वह तालाब में सिंघाडा की फसल देख रहे थे। तभी तालाब के बीच में टापू में करीब 4 से 5 फुट का मगरमच्छ दिखाई दिया। वहीं आसपास के पान किसानों ने भी तालाब में मगरमच्छ देखे जाने की बात बताई। कुछ किसानों ने मगरमच्छ की वीडियो भी बनाई। बताया जाता है उक्त तालाब के आसपास स्थित पान बरेजो में रोजाना पान किसान सिंचाई आदि कर रहे हैं। ऐसे में तालाब में मगरमच्छ दिखने से दहशत का माहौल है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा का कहना है कि तालाब में मगरमच्छ दिखने की सूचना नहीं मिली। इसकी जानकारी लेकर टीम गठित कर मगरमच्छ को रेस्क्यू किया जाएगा। फिलहाल किसानों से तालाब के नजदीक नहीं जाने की अपील की जाती है।

### चल समारोह के साथ आज किया जाएगा प्रतिमा का विसर्जन



**ढीमरखेड़ा।** चैत्र नवरात्रि पर्व पर ढीमरखेड़ा के बस स्टैंड स्थित दुर्गा माता मंदिर में अम्बे माँ की प्रतिमा स्थापित की गई है। मातारानी के दर्शन के लिए रोजाना भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर पहुँचे भक्तों ने विधि विधान से पूजन कर मातारानी को लाल चुनरी और चूड़ी चढ़ाई।भक्तों ने अम्बे माँ को फूलों की माला चढ़ाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना किया।मंदिर के पुजारी कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि शाम के समय मातारानी की महाआरती होती है। इस मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मातारानी का पूरा पंडाल श्रद्धालुओं से भर जाता है। कुछ भक्त,पंडा और पुजारी तो भाव भी खेलने लगते हैं। अष्ठमी और रामनवमीं की शाम में आयोजित मातारानी की महाआरती में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही।महाआरती के पूर्व भक्तों ने 11सौ दीप जलाकर मंदिर को दीपों की रोशनी से जगमगाया। महाआरती के बाद मातारानी को चढ़ाए गए महाप्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं को किया गया। पुजारी ने बताया कि बुधवार को हवन पूजन भी किया गया।
गुरुवार को दशमी पर सुबह कन्या भोज और फिर भण्डारे का आयोजन होगा। शाम को चल समारोह के साथ मातारानी का विसर्जन किया जाएगा।

## बोरिंग मशीन सहित सवा करोड़ अनुमानित कीमत के दो वाहन जब्त

# बिना अनुमति असुरक्षित तरीके से बोर करने पर 2 लोगों पर दर्ज एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाइन के उल्लंघन और कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कटनी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के आदेश का पालन नहीं कर बिना अनुमति लिए खेत में बोर कराने वाले ग्राम गूंड़ा निवासी दो व्यक्तियों के विरूद्ध ढीमरखेड़ा थाना में एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है। संबंधितों द्वारा सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन और कलेक्टर द्वारां जारी आदेश के उल्लंघन पर जिले की यह पहली एफ.आई.आर है। साथ ही खेत में बोर करने वाली दो बोरिंग मशीनों को वाहन सहित जब्त किया गया है। जिनका अनुमानित मूल्य करीब सवा करोड़ रूपये है।

जिले मे वर्तमान में मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम लागू होने के कारण बिना अनुमति नलकूप खनन पाये जाने वाली फर्म, ठेकेदारों, खनन एजेंसी और व्यक्तियों व संस्थाओं पर कार्यवाही हेतु सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी गाइडलाइन जारी की गई है। गाइडलाइन के अनुसार बोरवेल और ट्यूबवेल खनन के लिए सक्षम अधिकारी के पास कम से कम 15 दिन की अग्रिम लिखित सूचना देने की अनिवार्यता है। अनुमति मिलने के बाद ही खनन कार्य कराया जाना था। साथ ही भूमिगत स्त्रोंतों से जल प्राप्त करने हेतु नलकूपों का खनन कार्य करने के बाद जिन नलकूपों में जलआवक क्षमता प्राप्त नहीं होती है या कम प्राप्त होती है उन नलकूपों को सुरक्षित किये बिना खुला छोड दिया जाता है जो छोटे बच्चों के गिरने का कारण बनते है जो गाईडलाइन का उल्लंघन है। यहां गूंड़ा गांव के राजेश एवं नरेश द्वारा भी गाईडलाइन और निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

### आदेश के उल्लंघन पर कार्यवाही

कलेक्टर ने बीते 28 मार्च को एक आदेश जारी कर जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया था। इसके तहत कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा प्राईवेट ठेकेदार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना किसी भी प्रयोग के लिए नवीन नलकूप का निर्माण नहीं कर सकेंगा। इसी के उल्लंघन पर ढीमरखेड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्गत ग्राम गूंड़ा पटवारी हल्का नंबर 56 खसरा नंबर 464/2 तथा 465/4 मे बीते 15 अप्रैल सोमवार की शाम 5 बजे ग्राम सरपंच संकेत लोनी ने हल्का पटवारी को खेत मे बोर होने की सूचना दी। बताया कि ग्राम गूंड़ा निवासी राजेश पिता हीरालाल और नरेश पिता हीरालाल द्वारा वाहन क्रमांक के.ए. 01 एम.के 1336 तथा के.ए 01 एम.के. 1858 वाहन की बोरिंग मशीन से खेत मे नवीन बोर कराया जा रहा है। हल्का पटवारी द्वारा मौका जांच कर पंचनामा तैयार किया गया। जिसमे कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा हाल ही में जारी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के आदेश का स्पष्टतः उल्लंघन पाया गया। ग्राम कोटवार संतोष कुमार दाहिया द्वारा ढीमरखेडा पुलिस थाना मे गूंड़ा निवासी राजेश पिता हीरालाल और नरेश पिता हीरालाल के विरूद्ध मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3/9 एवं और 4/9 तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत एफ.आई.नंबर 0167 दर्ज कराई गई है।



# मजेठा हार में युवक की मिली लाश, पहचान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र के कैलवारा गांव में खेत में एक अज्ञात युवक का शव मिला है। युवक की हत्या हुई है या वह किसी दुर्घटना का शिकार हुआ, इसको लेकर पुलिस अभी कुछ भी नहीं कह पा रही है। फिलहाल युवक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस उसकी शिनाख्ती में जुटी हुई है।

कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि कैलवारा गांव के मजेठा हर में मंगलवार की शाम को लोगों ने एक खेत में युवक का शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान कराई लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के सिर के पिछले हिस्से में चोट है और नजदीक ही सांप की केंचुली पड़ी मिली है। जिसके चलते युवक के सर्पदंश का शिकार होने या फिर गिरने से सिर में चोट लगने की भी आशंका है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों और नजदीकी सभी पुलिस स्टेशनों को सूचना दी है। साथ ही थाना क्षेत्रों में गुम इंसान के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है ताकि युवक की पहचान हो सके।

युवक खेत मे कैसे पहुंचा और उसके साथ क्या घटना हुई, यह जांच के बाद ही सामने आ सकेगा। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव को जिला अस्पताल की मरचुरी में रखवाया है और मृतक की शिनाख्ती का प्रयास कर रही है। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत का वास्तविक कारण सामने आ सकेगा।

## पीठासीन अधिकारी बिना कतार के कराएंगे मतदान

# दिव्यांगजन, वृद्धजन, गर्भवती एवं धात्री मतदाताओं को मतदान मिलेंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र शहडोल विधानसभा बड़वारा अंतर्गत दिव्यांगजन, वृद्धजन, गर्भवती एवं धात्री मतदाताओं को मतदान केन्द्र में प्रवेश के लिए रैम्प की सुविधा दी गई है, ताकि वृद्ध, दिव्यांग व्हीलचेयर के माध्यम से सुगमता पूर्वक मतदान कक्ष तक जा सकें और मतदान कर सकें। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दिव्यांग, वृद्धों, गर्भवती, धात्री महिला मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था कराई गई है। मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग वृद्धों, गर्भवती, धात्री महिलाओं को पीठासीन अधिकारी प्राथमिकता से बिना कतार के मतदान करायेगें। व्हीलचेयर मतदान कक्ष के अंदर मत प्रकोष्ठ तक ले जाई जा सकेगी। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के सुगम मतदान हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दिव्यांग मित्र समन्वयक नियुक्त किये गए है जो गर्भवती, धात्री महिलाओं एवं शारीरिक रूप से कमजोर महिलाओं को मतदान केन्द्र में लाने में सहायता करेंगे। मतदान हेतु आने वाली धात्री महिलाओं के शिशुओं की देखभाल मतदान करने की अवधि में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के द्वारा की जावेगी। लोकसभा निर्वाचन 2024 विधानसभा बड़वारा संसदीय क्षेत्र शहडोल मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 में कुल मतदान केन्द्र 299 में उपरोक्तानुसार व्यवस्थायें जिला निर्वाचन अधिकारी कटनी के द्वारा सुनिश्चित कराई गई है।

### प्रतिबंधात्मक आदेश

लोकसभा निर्वाचन 2024, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 12-शहडोल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 91-बड़वारा के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के मद्देनजर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

कलेक्टर द्वा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश अनुसार निर्वाचन क्षेत्र में 5 से अधिक लोगों के इकट्ठा होने और एक साथ आवाजाही करने की अनुमति नहीं होगी। प्रचार अभियान अवधि के समापन पश्चात निर्वाचन क्षेत्र में कोई भी प्रचार अभियान नहीं किया जावेगा। राजनीतिक कार्यकर्ताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं, जुलूस-कार्यकर्ताओं, अभियान-कार्यकर्ता आदि, जो निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से लाए गए हैं और जो उस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित रहने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे कार्यकर्ता को जो उस क्षेत्र का मतदाता नहीं है प्रचार अभियान अवधि समाप्त होने के पश्चात तुरंत निर्वाचन क्षेत्र छोडना होगा।

## चैत्र नवरात्र की नवमीं पर कन्या भोजन का आयोजन



सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शुभभावना हाल में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन में आध्यात्मिक कार्यक्रम और कन्या भोजन का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ सभी छोटी और बड़ी कन्याओं को मुकुट बिंदी लगाकर ईश्वरीय सौगात भेटकर दुर्गा मां की आरती वंदन से किया गया ।कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत ही सुंदर आध्यात्मिक भजनो पर नृत्य की प्रस्तुति दी अंत में सभी ने कन्या भोजन किया। इस अवसर पर अंकिता तिवारी, सौम्या रांधेलिया, अंजू, पलक मुस्कान डिम्मी आरती , दुर्गा बहन , निलांजलि बहन , बीके दुर्गा बहन, सबिता बहन , शानू , संजना संध्या काव्या सहित अन्य की उपस्थिति रही ।

# "प्रत्येक वोट जरूरी है" पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत "प्रत्येक वोट जरूरी है" विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि उचण्उलहवअण्पद पोर्टल पर भेजनी होगी।

इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। गुरूवार 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

### विजयी प्रतिभागियों को यह मिलेगी पुरस्कार राशि

प्रथम पुरस्कार 51 हजार रूपये एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रूपये एवं प्रमाण पत्र, तृतीय पुरस्कार 11 हजार रूपये एवं प्रमाण पत्र सहित 10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### नियम एवं शर्तें

प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की मान्य होगी। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में होना चाहिए। प्रविष्टि में किसी भी उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिए। प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भी जरूर लिखें। पुरस्कार के लिए श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। प्रतियोगिता के लिये प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 है।

## साधूराम स्कूल में कल से होगा आयोजन, तैयारियों के निर्देश

# कलेक्टर ने पुस्तक व मतदाता जागरूकता मेला आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सुभाष चौक स्थित साधुराम स्कूल परिसर में गुरूवार 18 अप्रैल से शुरू होने वाले तीन दिवसीय पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेला के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। गुरूवार की शाम 4 बजे इस पुस्तक मेले का औपचारिक शुभारंभ होगा। मेला प्रतिदिन रात 9 बजे तक लगेगा। इस संबंध मे पुस्तक मेला के व्यवस्थित आयोजन की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद नें बुधवार को समीक्षा की। उन्होंने सभी जरूरी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने पुस्तक मेला स्थल मे शिकायत पंजी रखने के निर्देश दिए ताकि अभिभावक, छात्र एवं आम नागरिक अपनें बच्चों के स्कूल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत दर्ज कर सकें। शिकायत करने वालो का नाम एवं पहचान गोपनीय रखा जायेगा। कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले के पालकों, अभिभवकों और छात्रों से पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेला में पहुंचकर इस मेले का लाभ उठानें की अपील की है।

बैठक मे बताया गया कि पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेला में निजी स्कूलों, पब्लिशर्स तथा बुक सेलर्स के 25 स्टॉल लगाये जायेंगें। निजी स्कूलों, पब्लिशर्स तथा कतिपय बुक सेलर्स की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने तथा प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम दर पर छात्रों और अभिभावकों को कॉपी-किताबें, यूनिफार्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है। प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित किये जाने वाले पुस्तक मेले को मतदाता जागरूकता की गतिविधि से भी जोड़ा गया है। इसके लिए पृथक से मेला परिसर मे मंच बनाया गया है। पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेला 20 अप्रैल तक चलेगा।

साधुराम स्कूल मे आयोजित पुस्तक सह मतदाता जागरूकता मेला में कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर एक नवाचार किया जाकर जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों की शिक्षा एवं पुस्तकों की उपलब्धता हेतु बुक बैंक स्थापित करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा पृथक स्टाल लगाया जा रहा है।

इस बुक बैंक में विद्यार्थी एवं अभिभावक पुरानी पुस्तकों को जमा कर सकेंगे। इन पुस्तकों को आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को प्रदान किया जायेंगा।

बुक सेलर्स एवं गणवेश विक्रेताओं के सहयोग से नो-प्रॉफिट नो-लॉस के आधार पर लगाये जा रहे इस मेले में कॉपी, किताब, यूनिफार्म, जूते, टाई और अन्य सभी शैक्षणिक सामग्रियों के अलग-अलग स्टॉल लगेंगे। मेले में बच्चों और अभिभावकों को मतदान के प्रति प्रेरित और प्रोत्साहित करने प्रतिदिन मतदाता जागरूकता गतिविधियां भी होंगी।

पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले के आयोजन को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने पुस्तक मेला में स्वीप गतिविधियों के आयोजन हेतु 6 अधिकारियों को दायित्व सौंपा है।

## जिला पंचायत सीईओ ने पान उमरिया पहुंचकर दिलाई मतदाता शपथ

# लघु नाटिका और स्लोगन गीत के द्वारा दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के लोकसभा क्षेत्र शहडोल और खजुराहो में 19 एवं 26 अप्रैल को मतदान होना है। जिला प्रशासन द्वारा मतदाता प्रतिशत में वृद्धि हेतु मतदाता जागरूकता की गतिविधियां अनवरत रूप से आयोजित की जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक और प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार की देर शाम जिला पंचायत के सीईओ एवम स्वीप के नोडल अधिकारी श्री शिशिर गेमावत ने विकासखंड ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत पान उमरिया पहुंचकर मतदाता जागरूकता के अंतर्गत संचालित गतिविधियों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मतदाताओं को जगमगाते दीपकों की श्रृंखला और कैंडल के बीच मतदाता शपथ दिलाई और मतदान दिवसों के दिन स्वयं मतदान करने और अपने आसपास और करीबी लोगों को मतदान कराने की अपील की।

### सीईओ ने बढ़ाया हौसला

जन अभियान परिषद ने लघु नाटिका और स्लोगन गीत.. सुनो रे भैया..सुनो रे भाभी सुनो रे कक्का..सुनो रे काकी.. सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, सबसे पहले मतदान.. बाद में दूसरे काम एवं अन्य स्लोगन, गीतों और तख्तियों के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया। जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने सारगर्भित प्रस्तुति की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर हौसला बढ़ाया । जन अभियान की प्रस्तुति में कोदूलाल,नीता विश्वकर्मा, मुस्कान, विनीता, आकाश, दिव्यांशु, शरद, सुमित, शैलेश, अंकित ,मुकेश, धर्मेंद्र, श्रेया ,विकास और अमर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### मतदान के लिए करेंगे प्रेरित

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने इस दौरान पहली बार मतदान करने जा रहे युवा मतदाताओं से बातचीत कर उनके मन को छुआ। शालिनी, शिवानी, कल्याणी, प्रियंका और आयुष ने बताया कि मतदान को लेकर उनमें खासा उत्साह, उमंग और जिज्ञासा है। मतदान दिवस के दिन हम सारे काम छोड़कर लोकतंत्र के सशक्तिकरण हेतु मतदान करेंगे और अन्य लोगों को भी इस हेतु प्रेरित करेंगे।

### वृद्ध मतदाताओं का हुआ सम्मान

इसके पहले जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री यजुवेंद्र कोरी ने 81 वर्षीय रामस्वरूप साहू, 70 वर्षीय सोनेलाल पटेल, 69 वर्षीय शिवकुमार चौरसिया, 65 वर्षीय बृजलाल दहायत और 63 वर्षीय गांधी गर्ग वृद्ध मतदाताओं का पुष्प माला और शाल,श्रीफल से सम्मान किया। मंदिर और झंडा चौके में दीपकों की जगमगाती श्रृंखला और रंगोली के बीच अत्यंत मनमोहक वातावरण सभी के आकर्षण का केंद्र था। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान और सेल्फी पॉइंट पर मतदाताओं ने हस्ताक्षर कर और फोटो ली। कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से हुआ।

स्वीप गतिविधियों के दौरान सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक, स्वीप टीम से चित्रा प्रभात, मृगेंद्र सिंह, तेज सिंह केशवाल, योगेंद्र कुमार असाटी, अजीत सिंह, संतोष पाठक, पुलिस विभाग से सिद्धार्थ राय और अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।



# पुलिस कर्मियों की तैनाती हेतु द्वितीय रेण्डमाईजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा निर्वाचन के तहत खजुराहो संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कटनी जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में पुलिस कर्मियों की तैनाती हेतु मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन की मौजूदगी में द्वितीय रेण्डमाईजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल कुमार श्रीवास्तव द्वारा संपादित की गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष कुमार डेहरिया भी मौजूद रहे। बताते चलें कि खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को होने जा रहे मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मियों की तैनाती के लिए कटनी जिले के जिन तीन विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में व्यवस्था की गई है उनमें मुड़वारा, विजयराघवगढ़ एवं बहोरीबंद शामिल है।

**खबर संक्षेप**

## जिला मजिस्ट्रेट ने एक अपराधी पर की जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक भगवान सींग ऊर्फ बड़े भाई पिता लाखनसींग लोधी निवासी ग्राम जेरठ थाना पथरिया को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आस पास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना एवं छतरपुर से आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है। तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में अनावेदक को केवल उनके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देना होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा।

# रामनवमीं पर्व पर निकली विशाल शोभायात्रा

## श्री राम के उद्घोषों से गूंज उठी उपकाशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्म जयंती रामनवमी पर उपकाशी हटा नगरी में भक्ति भाव उमंग उत्साह से गाजे बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकालकर मनाई गई। शोभा यात्रा के दौरान नगर की गलियों को भगवा रंग के ध्वज से सजाया गया इस दौरान उपकाशी अयोध्या नगरी जैसी प्रतीत हो रही थी जा रहा हूं और जय श्री राम केवट घोषों से उपकाशी गुंजायमान हो रही थी। शोभायात्रा का शुभारंभ बड़ा बाजार श्रीराम मंदिर से प्रारंभ हुआ जहां पर नगर के सभी पांच अखाड़े एवं 11 शोभायात्रा सम्मिलित होकर रतन बजरिया मार्ग से चंडी जी पेट्रोल पंप होते हुए नायक तिगड्डा राय चौराहा से मंदिर मस्जिद चौराहा पर विशाल शोभायात्रा पहुंची जहां पर संग भगवाधारियों द्वारा जय श्रीराम जय जय हनुमान के उद्घोषों के बीच युवा भक्त जमकर थिरकते हुए भक्ति भाव में लीन रहे। जहां मंदिर मस्जिद चौराहा को चारों ओर से भगवा ध्वज पताका एवं गुब्बारों से आकर्षक सुसज्जित किया गया था। इसके उपरांत चल समारोह है बड़ा बाजार से होते हुए देर रात्रि श्रीराम मंदिर पहुंचा जहां पर प्रसाद वितरण के साथ समापन किया गया।

### पांच अखाड़े के साथ 11 शोभायात्रा रही शामिल

रामनवमी की शोभायात्रा कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान मंदिर ककराई से प्रारंभ हुई जो खतना नाका पर विंध्यवासिनी माता मंदिर की शोभायात्रा काली माता अखाड़ा डीजे एवं बैंड बाजों के साथ भगवान श्रीराम, एवं राम भक्त हनुमान की सचित्र सुंदर झांकियां शोभायात्रा में सम्मिलित होकर नगर के अंधियारा बगीचा से मंदिर मस्जिद चौराहा होते हुए बस स्टैंड पहुंची जहां से बूढ़ा हटा मौजानंद आश्रम हनुमान मंदिर मढ़ी का बगीचा की शोभायात्रा बजरंग अखाड़ा के साथ बड़ा बाजार पहुंची जहां बिहारी जी सरकार शोभायात्रा सम्मिलित होकर श्री राम मंदिर में सम्मिलित हुई किसी के साथ विशाल शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया जो बजरिया से बंसीसागर चंडी जी के मुख्य मार्ग से भ्रमण करते हुए मंदिर मस्जिद चौराहा पहुंची जहां पर हजारों की संख्या में राम भक्त भगवा ध्वज लहराते हुए डीजे के साथ नाचते गाते हुए जय श्रीराम के उद्घोषों के साथ भक्तिमय मय माहौल में भक्ति में रंगे हुए धर्मेंद्र माहौल में आनंदित हो रहे थे।

### जगह-जगह शोभायात्रा का हुआ भव्य स्वागत

रामनवमी की विशाल शोभायात्रा का उप काशी के भक्तों द्वारा मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पंडाल लगाकर भगवान की सचित्र झांकियों की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा में सम्मिलित भक्तों को शीतल पेय प्रसाद वितरण कर धर्म लाभ उठाया। शोभा यात्रा में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु एसडीएम राकेश मरकाम एसडीओपी नितेश पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी मनीष कुमार उप निरीक्षक शत्रुघ्न दुबे सहित पूरा पुलिस थाना अमला चप्पे चप्पे पर तैनात रहा जिससे चल समारोह में भक्तों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा और शोभायात्रा शांति महिमा हाल में संपन्न हुई।

## जवारे विसर्जन के साथ नवरात्रि महापर्व का हुआ समापन



हटा। आदिशक्ति की भक्ति का महापर्व चैत्र नवरात्र नवमी को माता के भक्तों द्वारा सभी नौ देवियों की पूजा अर्चना कर बुधवार की शाम को जवारे विसर्जन के साथ भक्ति भाव से समापन किया गया। विगत 9 अप्रैल से प्रारंभ हुए नवरात्र पर्व के दौरान नगर की मां चंडी जी, शीतला माता मंदिर, मां पीतांबरा मंदिर कलेही माता मंदिर के अलावा अन्य देवी दिवालों में माता के भक्तों द्वारा पूरे भक्ति भाव से 9 दिनों तक मां की उपासना साधना में लीन रहे। नवमी के दिन माता के भक्तों ने देवी मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की इसी के साथ अपने-अपने घरों में कुलदेवी की पूजा अर्चना की गई। जगह-जगह कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज भंडारे के आयोजन किए गए। वहीं जिन भक्तों द्वारा चैत्र नवरात्रि का व्रत रख रहे थे उन्होंने मां का आशीर्वाद और जवारो के दर्शन कर व्रत का समापन किया। संध्याकालीन बेला में नगर के देवी दिवालों के अलावा पंडों के दिवालों पर रखे गए जवारे भक्तों द्वारा माता का भजन कीर्तन करते हुए पंडों द्वारा मुंह में बाना छेदकर देवी की आस्था का अनूठा परिचय देते हुए भक्ति में लीन होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सुनार नदी के घाटों पर विसर्जन किया गया। वही रास्ते में जवारो की शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह भक्तों द्वारा रास्ते में पानी डालकर मार्ग को साफ-सुथरा कर जवारो का पूजन अर्चन कर दर्शन किए।

## स्वीप प्लान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

**दमोह।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में दमोह जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न तरह की कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन प्रतिदिन स्वीप प्लान के अंतर्गत किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विधानसभा क्षेत्र में अधिकारियों द्वारा मतदाता पर्ची वितरण का कार्य ग्राम पंचायत बोरीखुर्द, प्रेमपुरा गांव हटा में सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी वीरपाल चौधरी द्वारा बीएलओ, सचिव के सहयोग से हटा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत हिन्नोती, घोघरा, बहम्नी, कलुआ, जमुनिया एवं कुम्हारी में भी बीएलओ, सचिव के सहयोग से मतदाता जागरूकता पर्ची का वितरण कराया गया। साथ ही ग्राम पंचायत सुजनीपुर में ऑटो के माध्यम से लॉउड स्पीकर लगाकर मतदाताओं को 26 अप्रैल 2024 को मतदान करने के लिए जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया। बटियागढ़ के गांव में भी चार पहिया वाहन में लॉउड स्पीकर के माध्यम से मुनादी कराई गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत फुटेरा कला में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दीवारों पर मतदाता जागरूकता के नारे एवं मतदान करने की तिथि को लिखकर जागरूकता का संदेश दिया गया। जिले के विभिन्न स्थानों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं द्वारा विभिन्न तरह की रैलियां के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि लोग मतदान दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुँचकर मतदान करें।

## श्रीराम की भक्ति में डूबे क्षेत्रवासी



**बनवार।** श्री रामनवमी के पावन अवसर पर बनवार ग्राम विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ सुबह खेर माता मंदिर श्री राम दरबार से भव्य श्री राम की झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली गई जो ग्राम का भ्रमण करते हुए श्री राम दरबार पहुंची जहां ग्राम वासियों ने श्रृद्धा-भक्ति के साथ भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की। इस दौरान पूरे गांव का माहौल राममय बना रहा। ग्राम विवेकानंद हाई स्कूल प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य सत्यवान खरे ने बताया विद्यालय प्रांगण में मंदिर में कथा वाचक पंडित श्री उमाशंकर शास्त्री जी के मार्गदर्शन में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 17 अप्रैल से 23 अप्रैल दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसको लेकर आज भव्य शोभा यात्रा निकल गई कथा स्थल श्री राम कृष्ण श्री राधा कृष्ण मंदिर खेर माता ग्राम की देवी देवता का पूजन अर्चन करते हुए महिलाएं केसरिया एवं पीले रंग की साड़ियां पहनाकर उत्साह एवं उमंग के साथ कलशयात्रा में सम्मिलित हुई। इस अवसर पर महिलाएं बैंड बाजे की मधुर धुनों के ऊपर मंगल गीत गाते हुए भक्ति भाव नृत्य करते हुए कथा स्थल पहुंची, जहां ग्राम वासियों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इसके बाद कथा वाचक कथा पंडित उमाशंकर शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा महात्म्य के बारे जानकारी दी गई।कि श्रीमद् भागवत परम सत्य की अनुभूति एवं कालभय से मुक्त कराने वाला ग्रंथ है। उनका कहना था कि श्रीमद् भागवत प्राणी की सतकामनाओं को पूर्ण करते हुए मृत्यु को मंगलमय बनाने मे विशुद्ध प्रेम शास्त्र का काम करता है। यह ग्रंथ नर को नारायण से जोड़ने में एक सेतु की तरह काम करता है।

## राम भक्तों ने निकाला भव्य जुलूस



**हिंडोरिया।** श्री राम नवमी के पावन पर्व पर चौरसिया पान बरेजे मेहरवार माता मंदिर प्रांगण से भव्य बाइक रैली राम भक्तो के द्वारा धूम धाम से निकली गई। जुलूस का नगर के अनेक स्थान पर भव्य स्वागत किया गया। बाइक रैली को लेकर सुरक्षा के पुकता इंतजाम किए गए। पेट्रोलिंग वाहन गस्त करती हुई चल रही थी। जुलूस में डीजे की धुन पर भक्त झूम रहे थे। जय श्री राम और जय बजरंग बली के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था। सभी भक्तो की गाड़ियों पर भगवा ध्वज लहलहा रहे थे। जुलूस जैसे ही मुख्य बाजार क्षेत्र पहुंचा तो रैली को देखने के लिए लोगो की चारो तरफ भीड़ लगी हुई थी। रैली में राम सीता, लक्ष्मण हनुमान की झाकी मुख्य आकर्षण का केंद्र थी। मुख्य बाजार क्षेत्र, तिगड्डु , खैया महुल्ला सहित अनेक जगहों पर लोगो ने पुष्प वर्षा कर बाइक रैली का जोरदार स्वागत किया। बाइक रैली बस स्टैंड , हाई स्कूल चौराहा, पठानी महुल्ला, ठकराश महुल्ला से होती हुई मुख्य बाजार क्षेत्र के हनुमान मंदिर पहुंची जहा पर भगवान की महा आरती की गई एवम कार्यक्रम में आए आस पास के क्षेत्रों से आए लोगो का आभार व्यक्त किया गया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर राम भक्तो के अलावा नगर के समस्त हिन्दू संगठनों की मौजूदगी रही।

## श्रीशतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ समापन

**बनवार।** बम्होरी माला ग्राम के सिद्ध धाम मढ़ा में स्तिथ मां दुर्गा मंदिर प्रांगण 9 दिन तक चले श्री दिव्य और भव्य श्री शतचंडी महायज्ञ का आज पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री शतचंडी महायज्ञ के नोवे दिन मां दुर्गा की नोवी शक्ति सिद्धिदात्री का पूजन अर्चन किया गया यज्ञ में समस्त यजमानों ने माता सिद्धिदात्री को हलुआ पुड़ी का भोग लगाया यज्ञाचार्य पंडित श्री पंकज प्रसाद तिवारी (मेंहर) जी ने बताया कि माता सिद्धिदात्री को आज के दिन माता को हलुआ पुड़ी और चना का भोग लगाना चाहिए साथ ही इस प्रसाद को कन्याओं और ब्राह्मणों मैं बांटना बेहद शुभ माना जाता है ऐसा करने वाले साधक से मां प्रसन्न होती है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती है साथ ही चल रहे शतचंडी महायज्ञ में आज आचार्य पंडित श्री पंकज प्रसाद तिवारी जी (मेहर) एवं सहयोगी वैदिक विद्वानों द्वारा मां भगवती के स्वरूप में कन्याओं का पूजन कराया गया एवं पूर्ण विधि विधान से श्री शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न कराई गई। आज कन्या भोजन एवं विशाल भंडारा कराया जायेगा। याज्ञिक यजमान-हेमराज राय,चन्नू राय, नर्मदा राय (गुटऊ) सुरेश राय, रमेश राय,राजकुमार राय,दिलीप राय (भाई राय) कैलाश राय,विनोद राय, बहादुर राय, राजेश राय, रामविशाल राय,राहुल राय,रीतेश राय एवं समस्त राय परिवार द्वारा चैत्र नवरात्रि पर आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञमें आसपास क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर यज्ञ भगवान के दर्शन पूजन परिक्रमा की नौ दिनों तक चले धार्मिक अनुष्ठान के चलते ग्राम का माहोल मां की भक्तिमय रहा और श्रद्धालुओं ने मां की भक्ति का परम आनंद लिया।



### अचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान के साक्षी बने लाखों भक्त, आचार्य श्री की प्रथम देशना सुनने एक घंटे अधिक रूके रहे संघ संचालक....

# ह्दय से भक्ति व आज्ञा मानने से प्रभु प्रसन्न होते हैं: आचार्य श्री समय सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज की समता पूर्वक समाधि होने के पश्चात रिक्त सिंहासन पर आचार्य पद पदारोहण हेतु अनुष्ठान महोत्सव का आयोजन सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ कुंडलपुर में आयोजित किया गया। जिसका साक्षी बनने देश भर से लाखो की संख्या में भक्तों की उपस्थिति से विशाल पांडाल एवं परिसर छोटा पड़ता नजर आया। मुनि श्री समय सागर जी महाराज को आचार्य पद पर प्रतिष्ठित कर आचार्य सिंहासन पर विराज मान किया गया। मुख्य अतिथि संघ संचालक डॉ मोहन भागवत ने कार्यक्रम में पहुंचकर अपने उदगार व्यक्त किये। श्री भागवत को दोपहर 4 बजे वापिस रवाना होना था लेकिन उन्होने अभिनव आचार्य श्री समय सागर जी की प्रथम देशना सुनने के लिये एक घंटे और रूके रहे। आचार्य श्री की देशना के पूर्व सभी निर्यापक मुनियों की देशना हुई। इनमें सुधा सागर जी महाराज ने गुरू परंपरा के बारे में बताया। आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने प्रथम देशना में लाखों श्रद्धालुओं के बीच आचार्य श्री द्वारा बताये मार्ग पर चलने की बात कही। 17 फरवरी को आचार्य श्री समय सागर जी महाराज की प्रथम आहारचर्या का सौभाग्य राजा भाई सूरत परिवार को प्राप्त हुआ।



आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने अपनी प्रथम देशना में लाखों जनसमूह को संबोधित करते हुये कहा कि यह धरती पवित्र हो रही है सत्पुरूषों के चरण स्पर्श से। वह सत्पुरूष वह है जिन्होने तत्व के स्वरूप को जान लिया है। तत्व को जानना मात्र पर्याप्त नहीं है, सत्य और शील का अवलंबन लेते है वह सत्पुरूष होते है। उन्होने कहा कि प्रभु का साक्षात दर्शन तो न हमने किया है, न आपने किया है लेकिन उनके स्वरूप को बताने वाले गुरू होते है, आचार्य होते है जिनके माध्यम से हम प्रभु का दर्शन कर पाते है। आज गुरू महाराज हमारे बीच में नहीं है, लेकिन समूचे विश्व के लिये जो प्रकाश दिया है वह न भूतो न भविष्यति। ऐसा प्रकाश वही दे सकता है जिसने सत्य और शील का अवलंबन किया हो। सत्य शील का अवलंबन करना खेल नहीं है। उन्होने आगम की चार पंक्तियों के माध्यम से समझाया कि शास्त्र पढ़ने वाले और उसे समझाने वाले बहुत मिल जायेंगे, लेकिन सत्य और शील का पालन करने वाले दुर्लभ है। आचार्य श्री ने कहा आचार्य माने आचार्य विद्यासागर जी महाराज। यहा चतुर्विध संघ उनका है। उन्होन बताया कि एक बार किसी सज्जन ने उनसे कहा कि उनका उपसंघ अन्य उपसंघ की अपेक्षा संख्या में ज्यादा है। तब गुरूदेव ने उत्तर दिया कि हां संख्या की अपेक्षा से आपका सोचना ठीक है। लेकिन एक बहुत बड़ी भूल आपकी हो गई है। वह यह है कि यह उपसंघ है, यह शाखायें उपशाखायें है यह किसके है, यह वृक्ष के है यह ध्यान रखों। वृक्ष के बिना न शाखा है, न उपशाखा है न डाली, न फूल है, न पत्ते है। यह मेरा उपसंघ नही, मै स्वयं संघस्थ हू। तब उनको बात समझ में आ गई। भक्तगण भगवान की भक्ति करते है, गुरू की भक्ति है। यह ध्यान रखों, जिसकी भक्ति की जा रही है उसको एलर्ट लेना पड़ता है। मुक्तकंठ से गुरू की प्रशंसा भक्त करता है लेकिन उस प्रशंसा को मन में लेकर के हर्ष का अनुभव करता है तो उसका विकास रूक जाता है। इसलिये भक्त की प्रशंसा की ओर ध्यान नहीं देना चाहिये। ह्दय से जो भक्ति करता है उससे गुरू प्रसन्न होते है। अनंत काल से भक्ति की है, वह ह्दय से नहीं की इसलिये इस संसार भ्रमण कर रहा है। कल्याण मंदिर स्त्रोत भगवान की भक्ति, देशना का श्रवण इसके उपरांत भी यदि कल्याण नहीं हुआ है तो बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा हुआ है। भाव शून्य जितनी भी क्रियायें है वह कभी भी फलीभूत नहीं होती। हे भगवत मैने आपकी देशना को कान से श्रवण किया है, पूजा की है, दर्शन भी किया है, मैने आपको ह्दय में नहीं बिठाया है, भक्ति तो की लेकिन ऊंसई ऊंसई की। इसलिये परिभ्रमण चल रहा है। हमें परिभ्रमण नहीं करना, यात्रा करनी है। पंच परावर्तन से जो ऊपर उठ जाता है उसकी यात्रा होती है, मोक्ष पथ पर आरूढ हो जाता है। देश शास्त्र गुरू को जो ह्दय में रखकर यात्रा करता है उसकी यात्रा सूक्ष्म काल में पूर्ण हो जाती है। गुरूदेव कहते है भक्ति करों पर ह्दय के साथ करो। यह पंचम काल है, मोक्ष मार्ग अवरूद्ध नहीं है। मोक्ष मार्ग नहीं है ऐसा नहीं है, मोक्ष मार्ग क्रमात्मक है, मार्ग लंबा चौड़ा है। गुरूदेव कहते थे मोक्ष मार्ग वर्तमान का नर्सरी है। आज समय में शरीर के ऊपर एक छोटा सा मच्छर भी बैठ जाये तो उड़ाने का भाव भी आ जाये तो परिषह विजयी नहीं माना जाता है। परिषह विजयी बनने के लिये आपको चार दीवार के बाहर आ करके मैदान में आना होगा। गुरूदेव कहते थे, मान को छोड़ो और मैदान में आ जाओ। मोक्ष मार्ग सूक्ष्म है, शरीरिक श्रम पर्याप्त नहीं लेकिन जो आंतरिक साधना है अंतरदृष्टि से जो साधना की जाती है वहीं साधना मंजिल तक पहुंचाने में सार्थक सिद्ध होती है। उस साधना के माध्यम से कर्म कट जाते है। शरीर को दग्ध नहीं करना, मोह की अंत्येष्टि करने के लिये साधना की जाती है। क्योंकि अनंत बार इस संसारी प्राणी ने शरीर का धारण करके मरण को प्राप्त किया है। जब तक हम ह्दय से साधना नहीं करेंगे तब तक पाप का क्षय संभव नहीं। सत्य और शील का अवलंबन लेना अनिवार्य है। संसारी प्राणी पता नहीं किन किन अपेक्षाओं को रखकर असत्य का मार्ग अपनाता है इसलिये उसका मार्ग अवरूद्ध हो जाता है। शील और सत्य का अवलंबन जिसने लिया है वही ही अहिंसा की उपासना कर रहा है। शील और सत्य आदि जितने भी व्रत है वह सारे अहिंसा के परिकर है। अहिंसा केंद्र में हो तो परिकर की सार्थकता सिद्ध होती है। सभी ने आचार्य महाराज के भावों को व्यक्त किया है, हम और आप गुरूदेव की दृष्टि की ओर दृष्टि रखें। आचार्य महाराज ने जो मार्ग बताया है उस पर हम अविरल रूप से आगे बढ़े। हमें मार्ग बनाना नहीं है, जो मार्ग प्रशस्त किया है उसकों निरंतर मन वचन काय से उस पर चलने की आवश्यकता है। हे भगवन जैसे आप इस मार्ग पर बढ़ते गये और विश्व को भी प्रकाश दिया है। हम गुरूदेव से कहते है कि उनके आर्शीवाद से ऐसा मनोबल प्राप्त हो कि हम निरंतर सच्चे देव शास्त्र गुरू की आराधना करते हुये अपने लक्ष्य को प्राप्त हो।

### आचार्य श्री कृति कालीदास को याद कराने वाली

निर्यापक श्रमण संभव सागर जी ने कहा कि मराठी भाषा में शिक्षा प्राप्त करने वाले आचार्य श्री ने जब मप्र बुंदेलखंड में आये तो हिन्दी के ऐसे महाकाव्य की रचना की जिसने देश ही विदेशों में भी धूम मचा दी वह महाकाव्य है मूकमाटी। इसके कई भाषाओं में अनुवाद हुआ। अनुपम कृति की रचना की चंपूकाव्य। संस्कृत भाषा में लिखा गया एक अनूठा काव्य है। गद्य काव्य कसौटी होती है। चम्पूकाव्य वह होता है जो गद्य व पद्य में होता है। ऐसा काव्य लिखकर रखा था। जब संयम स्वर्ण महोत्सव आया तब उसका प्रकाशन की बात आई। आचार्य श्री ने कहा कि यह तो अभी कच्चा है इसमें काफी परिश्रम करना पड़ेगा। उज्जेन विवि के पूर्व कुलपति थे मिथिला प्रसाद त्रिपाठी को जब वह कृति भेजी गई एवं उसके अध्ययन करने के बाद जब वह गुरूदेव के दर्शन करने पहुचे तो सबसे पहला वाक्य जो उनके मुख से निकला कालीदासम स्मरतयति। अर्थात चम्पूकाव्य कालीदास का स्मरण कराने वाला है। तब फिर आचार्य श्री ने आर्शीवाद दिया कि इस काव्य के प्रकाशन के लिये। आज अभिनव आचार्य समय सागर जी के सानिध्य में ऐसे महान गुरूदेव की महान कृति का विमोचन हुआ।



### सच्चे अनियम विहारी थे

निर्यापक श्रमण समता सागर जी ने कहा कि आज का दिन इतिहास के लिये स्वर्णित पलों के रूप में है। विद्या सारे संसार में प्रसिद्ध होती है, सागर को सभी महत्व देते है। जिसे देश में विद्यासागर रहे है उसका बड़ा महत्व है। गुरूदेव की समाधि के अंतिम क्षणों में गुरूदेव के चेहरे को देखा तो स्वर्ण की तरह चमक रहा था, शरीर क्रश था व्याधि ग्रस्त था लेकिन मन निर्विकल्प और प्रसन्न था। गुरूवर के बारे में सभी लोग कहते है गुरूवर बिन बताये क्यो चले गये, जिन्होने जीवन भर अपने विहार तक को पूर्व में नही बताया ऐसे गुरूवर अंतिम विहार भी बिना बताये कर गये। वे सच्चे अनियत विहारी है।



### आचार्य श्री का अंश और वंश दोनो

मुनि श्री प्रणम्य सागर ने कहा कि आज यह दृश्य देख गुरूदेव निश्चित कह रहे होंगे कि उच्च सिंहासन पर समय सागर जी बहुत अच्छे लग रहे है। आचार्य परमेष्ठी के लक्षणों को धारण करने वाले, धीर गुण गंभीर। जिनके अंदर एक ऐसी दृढ इच्छा शक्ति है जिस तरह से आचार्य महाराज ने अपनी श्रमण परंपरा को आगे बढाया है हम विश्वास से कहते है कि उनके अंदर भी वहीं अंश है, और वह उसी वंश के है।

## आचार्य श्री ऐसे आचार्य हुये जिनकी कथनी और करनी को ही सभी ने आगम और प्रमाण माना: मुनि श्री सुधा सागर

**दमोह।** निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने श्रमण परंपरा व गुरू परंपरा को विस्तार से समझाया। अनादिअनंत कालीन सतानत रूप से प्रभायमान दिगंबर जैन धर्म जिसका अपर नाम श्रमण संस्कृति है। यह श्रमण संस्कृतिवह सत्स्वरूप है जिसका न आदि है न अंत है मध्य है। जब किसी वस्तु आदि अंत से रहित हो जाती है तब वह परंपरा बन जाती है। जैन धर्म अनादिकालीन परंपरा की श्रंखला में अपने आपको समाहित की है। जैन धर्म के आदर्श परंपरा का जो रूप है वह श्रमण संस्कृति मानी जाती है। अनादिकाल से अनंत तीर्थंकर हुये और वे अनंत तीर्थंकरों ने जैन धर्म की परंपरा को आगे बढाया। बीच बीच में जब जब तीर्थंकरों का अभाव हुआ तो आचार्य भगवंतों ने आगे बढ़ाया। इस युग के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जगत उपकारी प्रजापति, संसार में आज जो कुछ भी देखने में आ रहा है वह आदिब्रम्हा ऋषभदेव की परम उपकारी करूणा का परिणाम है। जो उन्होने तीर्थंकर पद के प्रोटोकाल से हटकर के सारे जगत के लिये षटकर्म की व्यवस्था बनाई। लेकिन ऋषभदेव ने जगत की उस वेदना संवेदना को समझकर के करूणामय उपदेश दिया आज जो सारा जगत सुखमय जी रहा है इसका श्रेय ऋषभदेव को जाता है। वैदिक परंपरा में भी ऋभषदेव को उच्चासन प्राप्त है। अजितनाथ आदि 23 तीर्थंकर हुये। भगवान महावीर स्वामी ऐसे युग में हुये जहां हिंसा का तांडव धर्म के रूप में हो रहा है। उन्होने अपनी परंपरा को ऐसे अहिंसामयी सूत्र में ढाला और सारे जगत को एक शंखनाद दिया कि जियों और जीने दो। प्रकृति का नियम है कि कोई भी चीज यहां स्थाई नहीं रहती। परिवर्तन शील रहती है। भरत ऐरावत क्षेत्र में षटकालों का परिवर्तन होता रहता है। नियति नियोग की धारा में भगवान महावीर स्वामी इस युग के अंतिम तीर्थंकर हुये। तीन अनुबद्ध केवली हुये गौतम स्वामी, जम्मू स्वामी, सुधर्म स्वामी। जिस धरा पर हम बैठे है वहां अनुनबद्ध केवली श्रीधर केवली ने कुण्डलपुर से मोक्ष प्राप्त करके इस क्षेत्र को सिद्धक्षेत्र बनाया। इसके बाद कोई केवली भगवान नहीं हुये। बाद में पांच श्रुत केवली ने यह परंपरा सम्हाली। इसके बाद अंतिम श्रुत केवली भद्रबाहु स्वामी ने 24 हजार शिष्यों ने इस आर्यवर्त को श्रमण संस्कृति से सुभाषित किया पवित्र किया। बहुत सारी विपरीत स्थितियां बनी उसके बाद जाकर के श्रुत की परंपरा अवक्षुण होने लगी। धीरे धीरे श्रुत ज्ञानावरणी कर्म का क्षयोपशम घटने लगा अंगो का अभाव होता गया। अर्हतबली महाराज हुये, वह एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर हुये थे इस अक्षुण परंपरा के ऐसे चौराहे पर खड़े हुये थे जब पहला निर्णय लेना पड़ा पटना में एक महाश्रमणों का एक महासम्मेलन हुआ। इसमें उन्होने अक्षुण प्रवाहमान संघ की परंपरा को चार भागों में विभाजित किया। इनमें मूल संघ नंदी संघ हुआ। उसी परंपरा आचार्य माघनन्दी महाराज हुये, आचार्य जिनचंद्र हुये। जिनंचद्र की परंपरा में आचार्य कुन्द कुन्द महाराज हुये। कुन्द कुन्द महाराज ने एक ऐसी आमना का, ऐसी नीति दी कि लोगो ने जैन दिगंबर परंपरा को परिवर्तित करके कुन्द कुन्द मूल आमना के नाम से सुशोभित किया। जब कोई व्यक्ति इतना महान होता है, तीर्थंकरों के नाम के समान जिसका प्रभाव होता है, तब जाके उसकी बताई गई परंपरा उसके नाम से सुशोभित होती है। आज सारा दिगंबर जैन समाज कुनद कुन्द मूल आमना के अनुसार सारी क्रियायें करता है एवं गौरवान्वित होता है। इसके बाद प्रकीर्णक इतिहास के अनुसार आचार्य उमा स्वामी महाराज ने उस परंपरा को सम्हाला। इसके बाद अनेक आचार्यो की परंपरा विभाजित हुये और जो दसवी शताब्दी में पूज्यवर जिनसेन स्वामी तक आई जो दक्षित भारत के बहुत बड़े आचार्य हुये। 13-14वीं शताब्दी में हमारे दुभाग्य से इस आर्यवर्त पर ऐसी अतातायीं शक्तियों ने शासन किया हमारी मूल अचार्य परंपरो को दुनिया के सामने उदघाटित होने से रोक दिया गया। लगभग 600-700 वर्ष तक उत्तर भारत दिगंबर मूल परंपरा से प्रायः प्रायः वंचित रहा। उचित साधु जंगलों में रहते थे। अंतिम साधु आचार्य सिद्धसागर महाराज जंगल में रहते थे एवं पूज्यवर शांतिसागर जब गृहस्थ अवस्था में थे उनको आठ दिन एक बार आहार कराते थे। इसका इतिहास शांतिसागर चरित्र में इसका उल्लेख किया। भटटारकों ने बीच में परंपरा को हाथ में लिया व समस्या का समाधान किया। इसके बाद शांतिसागर महाराज ने दिगंबरत्व को स्वीकार किया। इसके बाद अंग्रेजों के समय आचार्य श्री शांतिसागर ने पूरे भारत में घूमकर श्रमण संस्कृति का शंखनाद किया। उनके बाद आचार्य वीरसागर जी महाराज, शिवसागर आचार्य विराजमान हुये। इसके बाद उनके प्रथम शिष्य मुनि श्री ज्ञान सागर ने आचार्य पद को स्वीकार किया। उस समय उनकी अवस्था को देखकर भागचंद सोनी ने कहा कि आप इस उम्र में आप आचार्य पद क्यों स्वीकार कर रहे है। तब उन्होने कहा था मै अपने लिये ग्रहण नहीं कर रहा हूं, मेरा एक शिष्य जवान है, जो इतना वीतरागी है जो दुनिया की कोई शक्ति इसे पद पर नहीं बिठाल पायेगी। मेरी आज्ञा ही इसे इस पद पर बिठाल पायेगी। ये युवा जवान मुनि रूप है, मुनि नहीं है विद्यासागर नही है, ये साक्षात कुन्द कुन्द स्वामी का रूप है। मैने इस मुनि के अंदर साक्षात कुन्द कुन्द की छवि देखी है। यह कभी पदों के चक्कर में नहीं पड़ेगा। जैन धर्म की कुंद कुद परंपरा जीवित रहे इस लिये मैने ये पद लेकर के उसे देने का निर्णय लिया। मेरा शिष्य गुरू आज्ञा का बंध हुआ है, चाहे कुछ हो जाये यह गुरू आज्ञा का उल्लंघन नहीं करेगा। 1972 को हमारे आराध्य गुरूदेव विद्यासागर महाराज को आचार्य ज्ञानसागर ने आचार्य पद पर विभूषित किया। मैने पूज्य गुरुदेव से एक बार कहा था कि यह आचार्य पद आपके पुण्य से आपको नहीं मिला, यह तो हम जैसे शिष्यों के पुण्य से मिला है ताकि आप हमारा उद्धा कर सके। यदि पूज्यवर ज्ञान सागर जी इतनी दूर दृष्टि नहीं रखते, आचार्य महाराज यदि यह रूप धारण नहीं करते आज जो आर्यवर्त में दिगंबर जैन मुनियों की जो युवा श्रंखला आप देख रहे है यह देखने को नहीं मिलती। यह सोच गुरूवर ज्ञान सागर जी महाराज का था। आचार्य श्री विदयासागर जी महाराज जब पद पर बैठे तो सारे विश्व ने ही एक ही बात कही की यह रूप साक्षात महावीर का स्वरूप है। जिन भगवान महावीर स्वामी के ऊपर लोगो ने प्रश्न चिन्ह उठाना शुरू कर दिये थे कि कोई भी व्यक्ति इस अवस्था में दिगंबर मुद्रा के साथ विचरण नहीं कर सकते । उसी अवस्था में यह रूप धारण करके दुनिया को दिखा दिया कि पंचम काल में हीन संहनन के साथ शुद्ध दिगंबरत्व धारण करके विचरण किया जा सकता है तो महावीर स्वामी पर संदेह करने की जरूरत नहीं है। श्रमण संस्कृति के उन्नायक, कुन्द कुन्द परंपरा के संवाहक परम पूज्य आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने 56 वर्ष तक क्या क्या नहीं दिया। पूज्यवर के नाम से युग जाना जा रहा है। आज यदि एक शब्द कह दिया जाये आचार्य श्री तो बच्चा भी समझ जाता है एक ही नाम है आचार्य श्री विद्यासागर जी। पर्यायवाची नाम बन गया था। आज श्रमण संस्कृति बात कही जाती है, आचार्य श्री के मुख से निकली कोई बात, उनके आचरण में आई हुई कोई बात के लिये कोई व्यक्ति ग्रंथ खोलकर नहीं देखता। यह एकमात्र एक आचार्य हुये जो प्रथम आचार्य हुये जिनकी कथनी और करनी को सारे जगत ने प्रमाण मान लिया, आगम मान लिया, तीर्थंकर की वाणी मान ली। ऐसे परम पूज्य आचार्य महाराज का यह पद पिछले दिनों 17 फरवरी को रात में 2.50 पर जो वह ह्दय विदारक था। उस समय चारों ओर अंधकार छा गया था। अंधकार में हमें लग रहा था कि कौन हमें प्रकाश देगा। आज जो कुछ भी कार्यक्रम हो रहा है हमारे पूरे संघ के नायक, संघ के अग्रज पूज्य समय सागर जी महाराज, वह अपनी इच्छा से इस पद पर नहीं बैठ रहे, न समाज बिठाल रही यह तो पूज्य गुरूदेव के आदेश से बैठ रहे है। मै सौ सौ बार पूज्यवर योग सागर जी महाराज को प्रणाम करता हू जो समय पर गुरूदेव के निकट पहुंच गये व उनका आदेश ले आये। वरना हम तो और अंधकार में हो जाते। आज पूज्य गुरूदेव के आदेश था कि सारे संघ के सामने यह कार्यक्रम हो। यही कारण है हम सब यहां एकत्रित हुये। उनकी आज्ञा को शिराधार्य करने के लिये ही आचार्य समय सागर ने यह पद स्वीकार्य किया है।






# 40 डिग्री तापमान, चिलचिलाती धूप में दंडवत करते हजारों श्रद्धालु पहुंचे माता के दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

तेंदूखेड़ा ब्लाक की दिनारी ग्राम पंचायत के दसोंदी गांव में बलखंडन खेर माता विराजमान हैं। जहां चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि को श्रद्धालु उघारे होकर दंड भरते हुए माता के दरबार में पहुंचते हैं यह परंपरा सैकड़ों वर्ष से निभाई जा रही है। दसोंदी गाँव में प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र की नवमी को एक दिवसीय विशाल मेले का आयोजन होता है बुधवार को यहां श्रद्धालु अपने गांव से दंड भरे हुए माता के दरबार तक पहुंचे। बता दें कि इस गांव में 90 प्रतिशत मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं जो इस दिन आयोजन को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग करते हैं तेंदूखेड़ा नगर से करीब 35 किमी दूर दसोदी गांव है यह तेंदूखेड़ा जनपद की दिनारी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। यहां बिराजी देवी को दसोंदी बाली खेरमाई के नाम से जाना जाता हैं जो दसोंदी सहित आसपास के ग्रामीणों के लिये अटूट आस्था का केंद्र हैं। प्रतिवर्ष इस गांव में चैत्र नवरात्र की नवमी को एक दिवसीय मेला भरता है। यहां पर भक्त नवरात्रि के पहले दिन से खेरमाई के नाम का घट अपने दिवाले पर रखते हैं और नवमी के दिन माता के चरणों मे समर्पित करते हैं। साथ ही । श्रीफल लेकर गृहग्राम से दंड भरकर देवी



स्थान तक जाते हैं। बुधवार को सैकड़ों भक्त एक साथ दंड भरते हुये दसोंदी कि खेरमाई की जय जयकार करते हुए पहुंचे

### मुस्लिम समाज करती है सहयोग

ग्राम पंचायत दिनारी के सरपंच प्रतिनिधि भोजराज जैन ने बताया कि बलखंडन खेरमाई देवी स्थान उनकी पंचायत में आता है। एक वर्ष में नवमी के दिन यहां पर मेला भरता है लोगों में बलखंडन खेरमाई के प्रति ऐसी भक्ति और आस्था है कि भक्त 40-45 डिग्री तापमान में भी दंड भरते हुए दरवार पहुंचे हैं इस गांव में 90 प्रतिशत मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं जो पूरी आस्था के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करते हैं। इस तरह से खेरमाई स्थान तक जाने से लोगों के घर में सुख, शांति बनी रहती है, फसलों को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता और मांगी मन्नत पूरी होती है। यह आयोजन सैकड़ों वर्षों से होता आ रहा है जो और परंपरा के अनुसार, आज भी मनाया गया। इस आयोजन में जबेरा के पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी और राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और उनके भाई सतेंद्र सिंह भी पहुंचे। पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने कहा कि दसोंदी में बलखंडन खेरमाई मंदिर पर क्षेत्र के लोगों की आस्था जुड़ी है। मैं यहां के जनप्रतिनिधियों से आग्रह करूंगा कि वह इस मंदिर के जीर्णोद्धार में सहयोग करे जिससे प्रसिद्ध स्थान और अच्छा बन सके। वहीं राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी दसोदी पहुंचे। उन्होंने बलखंडन माता का पूजन किया और कहा कि जो कमियां हैं उनको पूरा करने के लिये राशि दी जाएगी।

### दो से तीन किमी भरते हैं दंड

ग्राम दसोंदी में विराजी बलखंडल तक पहुंचने के लिए लोग अपने ग्रह ग्राम से दंड भरते हुए माता के मंदिर को पहुंचते हैं। इसमें दूरी का कोई अनुमान नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि जैसे दसोदी गांव के लोग हैं तो वह अपने घर से ही दंड भरते हुए जाते - हैं और यदि कोई दूसरे गांव का है तो - उसको उसी गांव से दंड भरते हुए माता के स्थान पर जाना पड़ता है।

## जवारे दर्शन विसर्जन शोभायात्रा उमड़ी भक्तों की भारी भीड़



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर चैत्र नवरात्रि की नवमी को दीवालों मैं माता के नाम के घट स्थापना की गई थी जिन का दर्शन विसर्जन के लिए आज भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर जवारे दर्शन करते हुए माता से सुख समृद्धि की कामना की। सिंग्रामपुर ग्राम में जवारे दर्शन के लिए जहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। वही घट स्थापना के साथ पंडा पुजारियों के द्वारा माता की की गई। कठोर साधना के दर्शन जवारे विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान हुए। पंडो के द्वारा माता की शक्ति प्रकट करने के लिए जहां गालों में बाने छेदकर शोभायात्रा में चल रहे थे। वही अग्नि से प्रज्वलित खप्पर लिए माता की भक्ति में लीन दिखाई दिए। बता दें चैत्र नवरात्रि की शुरुआत में माता की भक्ति के प्रति समर्पित घटस्थापना की जाती है। नवमी को जगह जगह जवारे देवी धामों में चढ़ाने के लिए पंडा पुजारी पहुंचते हैं। जिनके दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल होकर मां के प्रति अपने आस्था भक्ति दिखाते हुए मां का आशीर्वाद लेते हैं।

## श्री राम जन्मोत्सव समारोह मनाया

**दमोह।** श्री रामनवमी के अवसर दमोह के सभी प्रमुख मंदिरों में भारी उत्साह के साथ श्री राम जन्म समारोह मनाया गया। मंदिर में धार्मिक गीतों की धुन पर रामभक्त नाचते नजर आये। इस अवसर पर दिल्ली से आये रामभक्त सचिन



स्वर्णकार ने रामनामी पट्टे पहनाकर 501 राम भक्तों का उत्साह बढ़ाया , बूंदा बहू मंदिर , मारवाड़ी मंदिर , मराठा कालीन श्री राम मंदिर, और घंटाघर जाकर भक्तों को राम जन्म की बधाइयां दी. और श्री राम के भजनों पर झूम रहे दमोह वासियों को बधाई दी , इस दौरान चारो तरफ जय श्री राम के जयकारे लगे , दमोह के मोनू पाठक , श्रीमति मालती असाटी , अतुल पालीवाल , आलोक सोनवलकर , राहुल ताम्रकार और अन्य समाजसेवियों को सम्मानित किया गया रात्रि में विशाल जुलुस मोरगंज से पूरे शहर का भ्रमण करते हुए निकला इस दौरान घंटाघर पर पुष्प वर्षा कर और प्रसाद वितरण कर जुलुस में आये सभी राम भक्तों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुधीर जैन डब्लू, राजेश ताम्रकार, अनिल बैरागी, नन्नू ताम्रकार और श्रीकांत स्वर्णकार का बहुत सहयोग रहा।

## कल इमलाई में विशाल जनसभा को सबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी



**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 19 अप्रैल को दमोह आगमन के संबंध में जानकारी देने हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा पत्रकार वार्ता निजी होटल में आयोजित की गयी जिसमें राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं आमसभा के प्रभारी लखन पटेल, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी , जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, आम सभा के सह प्रभारी अभिषेक भार्गव, रमन खत्री,पिछड़ा मोर्चा प्रदेश महामंत्री संजय राय,लोकसभा सह संयोजक श्याम शिवहरे, जिला सह मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, सह प्रभारी महेन्द्र जैन उपस्थित रहे। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने जानकारी दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार अपने विजन के आधार पर भारत को विश्वगुरु बनाने की ओर बढ़ रही है। इसलिए लोकसभा का यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि भारत के भविष्य को तय करने वाला चुनाव है। मोदी सरकार के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा भारत। आज दुनिया के अंदर भारत मोदी सरकार के नेतृत्व में प्रगति के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि विपक्षी दल तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से घबरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मानते हैं कि देश में सिर्फ चार जातियां हैं-गरीब, किसान, नारी शक्ति और युवा। गरीब गरीबी रेखा के बाहर निकले और हमारा देश आगे बढ़े। किसान को सक्षम बनाने से वह केवल अपनी गरीबी नहीं दूर करेगा बल्कि देश की गरीबी दूर करेगा। धर्मेंद्र सिंह कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे दमोह आएंगे वह इमलाई स्थित कार्यक्रम स्थल से विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम हेतु सभी तैयारी कर ली गई हैं जिसमें आम जनता को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने हेतु विभिन्न साधन और मार्गो का चयन किया गया है आमजन को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में कोई असुविधा न हो और किसी भी तरह की कठिनाइयों का पूर्व अनुमान लगाकर तैयारी की गई है।

## जेबें भारी, धरती नहीं हुई हरी भरी, पंचायतों में हुआ गड़बड़ झाला

**गैसाबाद।** गांव को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा कई सालों तक बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। योजना के तहत गांव गांव सड़क के किनारे या खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर लाखों खर्च कर हजारों पौधे रोपे गए। पंचायता ने पौधारोपण से लेकर पौधों की देखभाल के लिए बजट आहरित किया। उपयांत्रियों ने कार्य का मूल्यांकन भी कर दिया लेकिन समय बीतने के बाद पौधारोपण वाली जगह पर धूल उड़ती नजर आ रही है। हजारों लगाए गए पौधों में से नाम मात्र को भी पौधे दिखाई नहीं दे रहे हैं। यह मामला अकेले गैसाबाद ग्रामीण क्षेत्र की पंचायतो का नहीं है बल्कि सारे जिले के एक जैसे ही हालात हैं। सालों से संचालित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत पौधारोपण के नाम पर गैसाबाद ग्रामीण अंचल में अब तक बड़ी धनराशि खर्च की जा चुकी है। पंचायतो ने कागजी आंकड़े प्रस्तुत कर बजट खपा दिया। पौधारोपण योजना 5 सालों में पूर्ण होती थी। जहिर है इसके लिए खाद पानी चौकीदार के लिए हर साल बिल बनते रहे। लेकिन पौधों की देखभाल का काम नहीं किया गया। तभी तो इस योजना में सफलता का प्रतिशत ना के बराबर है। ग्राम पंचायत गैसाबाद द्वारा रोड किनारे पुलिस थाना से लेकर पुलिया तक रोड किनारे पौधारोपण किए गए थे। लेकिन धरातल पर एक भी पौधा वृक्ष बना हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। इसी तरह ग्राम पंचायत गरैह, खमरगौर, इटवा छक्का,तवरैया, मोहरई, जैसी अनेक पंचायतो में लाखों रुपया का पौधारोपण दर्शाया गया है। इन पंचायतो में मनरेगा योजना के तहत पौधारोपण तो कराया गया लेकिन ना तो फाईलों में दर्शाई गई संख्या के आधार पर पौधे रोपे गए और ना ही पौधों की देखभाल में दर्शाए गए खर्च के अनुपात में वास्तविक रखरखाव किया गया। योजना से जुड़े तत्कालीन सरपंचों के अलावा शासकीय नुमाइंदों ने भी बंदरबाट कर योजना को कागजों में फलीभूत कर दिया। जबकि हकीकत यह है कि धरती हरी भरी नहीं हो सकी है। इतना ही नहीं गैसाबाद पंचायत के पिछले कार्यकाल में शौचालय निर्माण को लेकर करोड़ों रुपया का घपला उजागर हुआ था। जिसकी शिकायत भी की गई जांच भी चलती रही लेकिन नतीजा आज तक सामने नहीं आ पाया। कुछ हितग्राहियों ने बताया कि मेरा शौचालय बना ही नहीं है और मेरे नाम से पैसा निकल गए। ऐसा कैसे संभव हो सकता है यह विचारणीय पहलू है। जब तक शासन प्रशासन भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगता है तब तक शासन की सारी योजनाएं सिर्फ कागज के फूल साबित हो रही है।

### लोगों ने इंसानियत का परिचय देते हुये घायलों को अस्पताल पहुंचाया

## बाईक की टक्कर से तीन युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

अंधाधुंध तेज गति से चल रहे एक मोटरसाइकिल चालक ने सड़क पर पैदल चल रहे एक युवक को टक्कर मार दी। इस जोरदार टक्कर से मोटर साइकिल चालक एवं उस पर सवार युवक सहित तीन युवक बुरी तरह से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शी सुजात खान एवं मुबारक खान ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग 8 बजे नगर के वार्ड नं. 6 निवासी रसीद खान उर्फ घप्पू बस स्टेण्ड क्षेत्र में सड़क किनारे से घर चले जा रहे थे कि तभी बाजार क्षेत्र की तरफ से बजाज मोटर साइकिल एमपी 34 जेड ए 2586 से अंधाधुंध तेज गति




से आ रहे चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे रसीद खान बुरी तरह से सड़क पर गिर कर बेहोसी के साथ घायल हो गये। टक्कर से उनके सर एवं हाथ पैर मे गभीर चोटे आई। इसके अलावा मोटर साइकिल चालक एवं उसके साथ सवार भी गिरकर घायल हो गये। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल सभी घायलों को पुलिस की मदद से स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु पहुंचाया । जहां से उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवा की दृष्टि से दमोह जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस के द्वारा मोटरसाइकिल जप्त कर ली गई है । उनका कहना है कि जिला अस्पताल की तहरीर एवं रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी । चालक एवं उसपे सवाल दोनो युवक आमखेडा.गाँव निवासी बताये गये है। नगर के मुख्य मार्ग चौगडडा, बस स्टैंड क्षेत्र, मेंन मार्केट तक आए दिन हो रही वाहन दुर्घटनाओं को देखते हुए लोगों ने नपा प्रशासन एवं संबंधितों से इस सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की है।

## धनुषधारी मन्दिर से निकली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ियादौ

श्रीराम जी प्राकट्योत्सव पर्व पर मड़ियादो के प्राचीन श्री धनुषधारी मन्दिर में विविध धार्मिक आयोजन किये गए। शुभ मुहूर्त में दोपहर 12 बजे मन्दिर के गर्भगृह में भगवान श्रीराम जी का जन्म कराकर विधिविधान से पूजन,हवन आदि सम्पन्न कराया गया। उसके बाद श्रीराम जी की झांकी तैयार कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, रथ और बग्गियों पर सवार होकर श्री धनुषधारी जी सरकार गांव में भृमण पर निकले। गाजे बाजे डीजे के साथ धनुषधारी मन्दिर से शुरू हुई शोभायात्रा बस स्टैंड, लंकापुरी,बड़ा बाजार होकर मुख्य मार्गो से निकली जिसका जगह जगह लोगो ने स्वागत किया। शोभायात्रा वापिस धनुषधारी मन्दिर पँहुची। यहां प्रसादी वितरण के बाद कार्यक्रम समापन हुआ। मड़यिादो की जामा मस्जिद के पास मुशिलम बन्धुओ ने श्रीराम जी शोभायात्रा का स्वागत कर कौमी एकता की मिशाल पेश की। बन्धुओ ने शोभायात्रा में शामिल लोगों को तिलक कर पुष्पवर्षा की और शामिल होकर उत्सव मनाकर भाईचारे एकता का सन्देश दिया। शोभायात्रा के दौरान थाना प्रभारी मड़यिादो ब्रजेश पांडे पुलिस बल के साथ मौजूद रहे,मुख्यमार्गों पर यातायात व्यवस्थित कराकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

## महावीर जयंती पर्व पर पशुवध एवं मांस, मछली विक्रय पूरी तरह से बंद रहेगा

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा विशिष्ट अवसरों पर स्थानीय निकायों की सीमाओं में स्थित समस्त पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकाने बंद रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आगामी महावीर जयंती पर्व पर 21 अप्रैल 2024 को दमोह जिला की स्थानीय निकायों की सीमा में स्थित समस्त पशुवध गृह एवं मांस, मछली विक्रय की दुकानों का संचालन पूरी तरह बंद रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है इस आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर उल्लंघनकर्ता के विरूद्ध भा.द.सं. की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# एलएनटी कंपनी के घटिया कार्यों से नल जल योजना की उड़ रही धज्जियां

### ग्रामीण बोले परेशानियां सुनने नहीं आते जल निगम के अधिकारी, शिकायत पर भी नहीं होती सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत के अनेकों गांव जिनमें पतलोनी, पिपरिया, उमरिया, सुनवाही माडनखेड़ा, छिरकोना बराघाट, ढोड़ा, गाड़ाघाट, करौंदी पड़रिया जैसे और भी गांव है जहां पर एलएनटी कंपनी व जल निगम द्वारा नल जल योजना का काम किया गया है। कुछ गांव में पानी की टंकियां बनकर शोरूम की तरह खड़ी कर दी लेकिन उनमें पानी नहीं पहुंच रहा। नल जल योजना के काम वर्षो पूर्व से किए गए लेकिन पानी आज तक नहीं पहुंच रहा है। कर्मचारियों ने घर-घर जाकर नल सटके लगा दी जिसका पैसा उपभोक्ताओं ने जमा कर दिया।



स्टैंड पोस्ट नलों को कचड़े में फेंका

और जो कंपनी द्वारा सामान घर-घर लगने स्टैंड पोस्ट नल आए थे वह एक जगह कचडे में रख दिए। उन पर लोगों ने कचरा डालना और कुत्ते भी मलमूत्र करने लगे। कर्मचारी ग्राम वासियों को प्रदर्शनी की तरह रख कर दिखा रहे, लगाये नहीं। सतधारू जलाशय से नल जल योजना का कार्य वर्षों से चल रहा है लेकिन पेयजल का लाभ अभी तक ग्राम वासियों को पूर्ण रूप से नहीं मिला। ठेकेदारों ने पाइपलाइन डालने के लिए गांव के रास्तों में जेसीबी मशीनों को चला कर सड़को को बर्बाद कर दिया और सुधार तक नहीं किया। कुछ ग्रामों में छुटपुट काम करवा कर बंद कर दिए। कुछ रास्ते दैनिक दशा में आज भी खुदे पड़े है। जहां से निकलना मुश्किल होता है। और नल जल योजना की पाइपलाइन भी ऊंची नीची और पत्थरों के ऊपर से बिछ दी जिससे पानी जाने में कठिनाइयां हो रही है। ग्राम पतलोनी सहित अन्य गांव के व्यक्तियों ने बताया कि सप्ताह में एक-दो दिन पानी कम कम आता है। लाइन खराब होने से लीक होकर रास्तों में भर जाता है एवं गंदा पानी पाइप लाइन में भी चला जाता है। वही गंदा पानी पुरुष महिलाएं कीचड़ में खड़े होकर मजबूरीवश भरते है जिससे बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है। व्यक्तियों का 24 घंटे बेचैनी बनी रहती। सड़को के सुधार कार्य करवाने के लिए जनप्रतिनिधियों अधिकारियों कर्मचारी से अनेकों बार कहा लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। नल जल योजना के उच्च अधिकारी आते और अपने अधीनस्थ छोटे कर्मचारियों से जानकारी लेकर चले जाते है लेकिन बीच गांव की नल जल योजना देखने के लिए आज तक कोई जिम्मेदार अधिकारी नही आए। कंपनी के अधिकारी जनता के साथ खिलवाड़ कर रहे है। कंपनी को भी चूना लगा रहे है। उच्च अधिकारी इन ग्रामों की जांच करें तो होने वाले घटिया कार्यों की पोल खुलेगी और सच सामने आएगा।

